दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 280 | इंदौर, गुरुवार 20 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline



इंदौर। अभिनेता सोनू सूद आज सुबह इंदौर पहुंचे, वे यहां प एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

- **Rahul Gandhi: मोदी सरनेम पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की अर्जी खारिज, सूरत सेशंस कोर्ट से नहीं मिली राहत**
- **'हम शर्मिंदा हैं...': पटना में 73 साल की बुजुर्ग से गैंगरेप; जननांग में पाइप डाला, अंग-अंग क्षत-विक्षत**
- **SC Update: सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के टॉप अधिकारियों को जेल से किया रिहा; अब्दुल्ला आजम की याचिका पर होगी सुनवाई**
- **रूस-युक्रेन युद्ध के बीच कीव के आसमान में दिखी रहस्मयी रोशनी, जाने क्यों सेना ने जारी किया हवाई अलर्ट**

# सीएम बोले- कट्टरता सिखाने वाले अवैध मदरसों का रिव्यू होगा

**● अधिकारियों से कहा- सोशल मीडिया पर झूठी खबरें, भड़काऊकमेंट करने वालों की पहचान कर एक्शन लें**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में अवैध रूप से चल रहे उन मदरसों और संस्थानों का रिव्यू किया जाएगा, जहां कट्टरता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। मध्यप्रदेश में कट्टरता और अतिवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में वर्चुअली आयोजित लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर भी नजर रखने को कहा। CM ने कहा कि भ्रामक खबरें, संवेदनहीन और कट्टर कमेंट लिखने वालों को पहचानें और जरूरी एक्शन लें।

बैठक में मुख्यमंत्री के साथ गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, DGP सुधीर सक्सेना मौजूद रहे। उनके अलावा सभी जिलों के SP, DIG, IG से लेकर तमाम पुलिस अधिकारी वर्चुअली जुड़े। बैठक को लेकर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- ईद और परशुराम जयंती का त्योहार आ रहा है, इसे लेकर भी मुख्यमंत्री ने बात की है।

### ऑनलाइन गैम्बलिंग पर रोक के लिए लाएंगे जुआ अधिनियम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑनलाइन गैम्बलिंग ऐप पर बड़ा एक्शन लेने की बात कही है। उन्होंने कहा- ऑनलाइन गैम्बलिंग रोकने के लिए मध्यप्रदेश सरकार मध्यप्रदेश जुआ अधिनियम 2023 लेकर आएगी। मुख्यमंत्री ने यह बात भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। लॉ एंड ऑर्डर की समीक्षा बैठक के बाद CM यहां पौधरोपण के लिए पहुंचे थे।



### बैठक में सीएम की प्रमुख बातें...

- नक्सलियों के खिलाफ बालाघाट में हुए एक्शन की तारीफ की।
- बुरहानपुर में अतिक्रमण हटाने पर पुलिस प्रशासन को बधाई दी। कहा- ऐसी समस्याएं खत्म होनी चाहिए।
- बीते दिनों त्योहारों पर पुलिस की मुस्तैदी से शांतिपूर्वक त्योहार संपन्न होने पर बधाई दी।
- अहाते बंद होने के बाद ठेके के अलावा दूसरी किसी जगह से शराब न बिके, इस पर नजर रखने को कहा। ऐसे स्थानों को ध्वस्त करने के निर्देश दिए।
- साइबर अपराध पर निरंतर कार्रवाई करें। तकनीक का इस्तेमाल करें।
- अवैध रेत के खिलाफ अच्छी कार्रवाई की गई है।
- पेसा नियम में पुलिस के पक्ष को अच्छे से देख लें और रिव्यू कर लें। जल्द ही DFO के साथ बैठक करेंगे।
- मुख्यमंत्री ने कहा- मुझे मेरी मध्यप्रदेश पुलिस पर गर्व है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- एक तरफ बैठक चली, दूसरी तरफ CMO पर हमला हो गया

नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा- एक तरफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लॉ एंड ऑर्डर की बैठक ले रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ लहार नगर पालिका के CMO पर हमला किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये हमला BJP प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा की शह पर BJP प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अम्बरीश शर्मा ने कराया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आपकी कथनी और करनी में सच्चाई है तो गुंडे पर कड़ी कार्रवाई करें।

### घटनाओं के बाद CM ने बुलाई बैठक

बीते कुछ दिन में घटित हुई वारदातों के बाद मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था का रिव्यू करने के लिए यह बैठक बुलाई थी। कुछ दिन पहले टीकमगढ़ जिले के जतारा थानाक्षेत्र के महेवा चक्र गांव में साइबर क्राइम के एक आरोपी को पकड़ने गई छतरपुर जिले की नौगांव पुलिस पर आरोपियों ने हमला कर दिया था। इसमें थाना प्रभारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मंडला में व्यापारी और उसके बेटे के साथ पुलिसकर्मियों द्वारा मारपीट करने का VIDEO सामने आने के बाद भी विपक्ष हमलावर हो गया था। बुरहानपुर, खंडवा में बीते दिनों पैदा हुए हालातों ने भी पुलिस महकमे और प्रशासन को चिंता में डाल दिया था।

# जनता वोट देना चाहती हैं, लेकिन हमारा संगठन कमजोर : दिग्विजय

**बोले- पोलिंग के दिन भी इलेक्शन मैनेजमेंट में कमी रहती है...**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर**। हमें यह स्वीकार करने में कहीं भी ऐतराज नहीं है कि हमारी कांग्रेस पार्टी का संगठन जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं है। हमारा जो इलेक्शन मैनेजमेंट है, पोलिंग के दिन उसमें भी भारी कमी रहती है। उस प्रकार की तैयारी हमारी नहीं रहती है जैसी होना चाहिए। जनता हमें वोट देना चाहती है, लेकिन हमारे संगठन की कमी की वजह से पूरा नहीं कर पाते हैं। इसलिए कमलनाथ जी ने पूरे प्रदेश की विधानसभा सीटों को सही तरीके से सेक्टर-मंडल में बांटा है। विधानसभा क्षेत्र की हारी हुई सीटों पर प्रदेश भर में दौरा कर रिपोर्ट तैयार कर कमलनाथ को सौंपी जाएगी।' - ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बुधवार को सीहोर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 'मध्यप्रदेश में 2018 में हुए चुनाव में कांग्रेस की सरकार बन गई थी, लेकिन कुछ लोग बिक गए। जो गरीब विधायक थे वे नहीं बिके, लेकिन जो राजा महाराजा टाइप के लोग थे वे बिक गए। जिसके कारण सरकार चली गई। अगर कांग्रेस पार्टी के सभी लोग एकजुट होते तो किसानों का कर्जा माफ हो जाता। बिजली की दरें भी नहीं बढ़ती। इस बार फिर से जनता परिवर्तन चाहती है। इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार मध्यप्रदेश में बनेगी।

### हारने वाली सीटों का दौरा कर रहे हैं पूर्व मुख्यमंत्री

दिग्विजय सिंह ने बताया कि जिन विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को लगातार पराजय मिल रही है, उन विधानसभा क्षेत्रों में जाकर वह स्वयं कार्यकर्ताओं की बात सुन रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह एकजुट है और चुनाव के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि मतदान के दिन कांग्रेस इतनी मेहनत नहीं कर पाती है। जितनी करनी चाहिए लेकिन इस बार पूरी मेहनत की जाएगी।

### अतीक हत्याकांड पर सवाल उठाए

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि अतीक और उसका परिवार घोर अपराधी परिवार रहा है, और वह माफिया डॉन की तरह काम करता था। उसके बेटे का पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया। लेकिन वो व्यक्ति दो महीने से कह रहा था कि मुझे मार दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट तक गया। जिसकी हिफाजत के लिए निर्देश दिए गए थे। इसलिए सब पूछ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाए कि आखिर अतीक को रात 10 बजे मेडिकल चेकअप के लिए क्यों ले जाया गया? जब गाड़ियां अस्पताल के गेट तक चली जाती हैं तो उसे गेट के बाहर क्यों उतारा गया? पुलिस AK-47 बंदूक लेकर खड़ी रही।

### मीडिया को बदनाम किया गया

दिग्विजय सिंह ने कहा अतीक मामले में मीडिया की बदनामी हुई है। जब अतीक को अहमदाबाद की साबरमती जेल से प्रयागराज ले जाया गया तो उसे पेशाब करते समय भी मीडिया ने दिखाया। लेकिन प्रयागराज में फर्जी आइडेंटिटी कार्ड लेकर लड़के वहां से गुजरते हैं, उनकी कोई चैकिंग नहीं होती है और वे बगल में आकर मार देते हैं।

### एमपी में पुलिस पर हो रहे हमले चिंताजनक

दिग्विजय सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा के शासन में पुलिस और अधिकारियों के ऊपर लगातार हमले हो रहे हैं जो चिंताजनक है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को झूठे मामलों में भाजपा की सरकार फंसा रही है। ऐसे कार्यकर्ताओं के मुकदमे लड़ने के लिए कांग्रेस वकील उपलब्ध कराएगी।

### लहार में अतिक्रमण हटाने गए अधिकारियों पर भाजपाईयों ने हमला किया

दिग्विजय सिंह ने कहा कि लहार में अतिक्रमण हटाने गए अधिकारियों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हमला किया। उन पर पुलिस कार्रवाई करे अन्यथा पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेस आंदोलन करेगी। दिग्विजय सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के बयान पर भाजपा झूठा प्रचार कर रही है कि कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग का अपमान किया है, जबकि पैसा लेकर भागने वालों में कोई भी पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति नहीं है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले लोग भाजपा से जुड़े हुए ही सामने आए हैं। लेकिन उन लोगों पर राष्ट्रद्रोह की कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

# पारा 39 डिग्री, अब बदला मौसम

## कई जगह बूंदाबांदी, दो दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में अप्रैल माह के मध्यान्ह में दिन का पारा 39 डिग्री पहुंचने के बाद मौसम ने फिर अपना मिजाज बदला है। बुधवार सुबह से ही बादल छाए हैं और सूरज ओट में छिपा है। शहर और उसके आसपास कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी भी शुरू हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन ऐसा ही मौसम रहेगा।**

सोमवार व मंगलवार को मौसम ने लोगों को गर्मी का अहसास करा दिया था। इस दौरान मौसम साफ होकर सुबह से ही धूप निकली और दोपहर बाद दिन गर्म होने लगा। इस दौरान 48 घंटों में दिन तापमान 39 डिग्री तक जा पहुंचा। सोमवार को दिन का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस तो रात का न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री रहा जो अप्रैल माह का सामान्य तापमान रहा। फिर मंगलवार को दिन का तापमान 38.3 डिग्री रहा जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा जबकि रात का न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा था। इस दौरान रात को काफी गर्मी रही। इस बीच बुधवार सुबह से ही मौसम अचानक बदला और बादल छा गए। इसके साथ ही पूर्वी क्षेत्र के पलासिया, तिलक नगर सहित कई क्षेत्रों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। दूसरी ओर पश्चिम क्षेत्र के अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी सहित कई क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई जबकि अभी भी मौसम ऐसा ही बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बुधवार दोपहर बाद इंदौर सहित मालवा के कुछ क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। दरअसल अभी राजस्थान के ऊपर चक्रवात बना हुआ है जिसका प्रभाव मध्य प्रदेश में है। अभी दो-तीन दिन मौसम ऐसा ही रहेगा।

# सिलेंडर से गैस निकालने के बाद उपकरण भी किए जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रूस्तम का बगीचा में खाद्य विभाग की टीम ने दबिश देकर 46 गैस सिलेंडर्स और गैस निकालने के उपकरण जब्त किए। विभाग को 14.2 किलो क्षमता के 21 नग भरे हुए प्राप्त हुए। विभाग ने एमआइजी थाना में आवश्यक वस्तु अधिनियम में के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई है। खाद्य विभाग और क्राईम ब्रांच की टीम ने रूस्तम के बगीचा स्थित गणेश पिता धनश्याम जायसवाल के यहां दबिश दी। जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू ने बताया कि जांच में 14.2 किलो क्षमता के घरेलू गैस सिलेंडर के 15 नगर खाली और 21 नग भरे हुए प्राप्त हुए। जबकि 3 किलो क्षमता में 10 नग खाली प्राप्त हुए। मौके से गैस ट्रांसफर करने वाली मशीन, गैस तौलने के लिए तौलकांटा एवं 25 प्लास्टिक के ढक्कन भी पाये गए। इससे टंकियों से गैस निकालने की पुष्टि होती है।

# राघवेन्द्र गौतम बने भाजपा इंदौर संभाग के प्रभारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने राघवेन्द्र गौतम को इंदौर संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। अभी तक वे संभाग के सह प्रभारी की भूमिका में थे। आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से गौतम की नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मूलतः शिवपुरी जिले के गौतम पूर्व में सीहोर व रीवा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक भी रह चुके है। वे जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष भी रहे है। गौतम को कुशल संगठक माना जाता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा सहित प्रदेश के कई दिग्गज नेता संगठन से जुड़े मामलों व निर्णयों में उनके सुझावों को पूरा महत्व देते हैं। गौतम भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य होने के साथ ही बड़वानी जिले के प्रभारी थे। कुछ महीने पूर्व ही उन्हें प्रमोट कर इंदौर संभाग का सह प्रभारी बनाया गया था। अब उन्हें संभाग प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है। अभी तक ये जिम्मेदारी भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी देख रहे थे।

# खंडवा रूट की बसों के परमिट का बदला समय, कम हुई ओवर स्पीड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खंडवा रोड पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने अस्थाई परमिट की बसों के समय में बदलाव किया था। इसका नतीजा यह हुआ कि जल्दी पहुंचने के लिए होने वाली ओवर स्पीड पर अंकुश लग गया। विभाग अस्थाई परमिट की बसों को पांच घंटे के अंतराल का परमिट जारी कर रहा हैं। स्थाई परमिट की बसों के समय में बदलाव नहीं किया गया हैं।**

परिवहन विभाग ने खंडवा रोड पर आए दिन होने वाले हादसों को रोकने के लिए एक कमेटी बनाकर पूरे रूट की जांच की थी। इस कमेटी में परिवहन विभाग के साथ ही एनएचआई और बस संगठनों के पदाधिकारी शामिल थे। सभी ने इंदौर से लेकर खंडवा तक सड़क का निरीक्षण किया था। इस दौरान सामने आया था कि सड़क की हालत खराब होने से बसें देरी से पहुंचती है। समय पर बसों को पहुंचाने के लिए चालक तेज गति से बस चलाते हैं।

परिवहन विभाग ने इसका हल निकालते हुए अस्थाई परमिट की 65 बसों के परमिट का अंतराल पांच घंटे कर दिया। आरटीओ प्रदीप कुमार शर्मा का कहना है कि मासिक परमिट दिए जाने वाले अस्थाई परमिट के समय में परिवर्तन किया गया। सभी 65 बसों को पांच घंटे के समय अंतराल का परमिट जारी किया जा रहा है, जबकि स्थाई परमिट की 200 के करीब बसों के परमिट में बदलाव नहीं किया गया।

### सड़क के किनारे गड्ढे

खंडवा रोड पर सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढे हैं। तेज गति में आमने-सामने वाहन आने पर कई बार वाहनों को नीचे उतारना पड़ता हैं।इससे भी हादसे हो रहे हैं, जबकि घाट सेक्शन में सुरक्षा रेलिंग भी टूट चुकी हैं। संकेतक भी नहीं लगाए गए। इससे भी वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं।

## आयुक्त द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक ...

# सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 व शहर की सफाई व्यवस्था के संबंध में सीटी बस आफिस में बैठक ली गई। बैठक में अधीक्षण यंत्री श्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, समस्त स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त सीएसआई, सहायक सीएसआई, दरोगा, एनजीओ प्रमुख व अन्य उपस्थित थे।**

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह ने कहा कि इंदौर देश में लगातार स्वच्छता में नंबर वन शहर है, इंदौर की पहचान स्वच्छता से है, आप सभी इस अभियान में लगातार कार्य कर रहे है, सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापवाही बर्दाश्त नही की जावेगी, समस्त हाजिरी सेंटर पर सफाई मित्रो की प्रातः काल 6.30 बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज होना सुनिश्चित करे, बिना बायोमेटिक उपस्थिति के किसी भी सफाई मित्र कर्मचारियो का वेतन आहरण नही किया जावे, यह सभी सीएसआइ सुनिश्चित करे। साथ ही समस्त सफाई मित्र यह सुनिश्चित करे कि निगम की निर्धारित युनिफार्म में मय परिचय पत्र के सफाई मित्र अपनी निर्धारित बिट पर कार्यलयीन समय में उपस्थित रहे। निगम द्वारा विगत दिनो से समस्त वार्डो में डीप क्लीयरिंग का अभियान चलाया जा रहा है, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी व सीएसआई अपने आवंटित झोन/वार्ड में चलाये जा रहे डीप क्लीयरिंग अभियान को चेक करने के भी निर्देश दिये गये। साथ ही समस्त स्वास्थ्य अधिकारी व सीएसआई अपने आवंटित झोन/वार्ड क्षेत्र में प्रातःकाल से ही उपस्थित रहकर सफाई अभियान की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिये गये।

बैठक में आयुक्त श्रीमती सिंह ने कहा कि शहर में लगातार स्वच्छता अभियान चलाये, शहर में किसी भी स्थान पर कचरा व गंदगी ना निकले इसके लिये कार्य करे, उन्होने कहा कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन के साथ संलग्न हेल्पर व वाहन चालक डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य के दौरान नागरिको से उचित व्यवहार करे।

# जिले में गेहूं खरीदी का आंकड़ा पहुंचा डेढ़ लाख टन के पास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार द्वारा शुरू हुई गेहूं की खरीदी रफ्तार पकड़ रही है। इंदौर जिले में अब तक हुई कुल गेहूं खरीदी का आंकड़ा डेढ़ लाख टन के करीब पहुंच गया है। इस बीच मंडियों में गेहूं की आवक कमजोर है। सरकारी खरीदी की अच्छी रफ्तार और मंडियों में आवक होने से माना जा रहा है आग गेहूं के दामों में थोड़ी मजबूती देखी जा सकती है।**

18 अप्रैल की शाम तक इंदौर जिले में 1 लाख 46 हजार 157 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। जिले में कुल 12559 किसानों ने गेहूं की सरकार विक्रय केंद्रों पर बिक्री की है।नागरिक आपूर्ति विभाग का दावा है कि एमएसपी पर खरीदे इस गेहूं में से ज्यादातर को वेयर हाउस भी पहुंचाया जा चुका है।1 लाख 30 हजार 968 टन गेहूं को वेयर हाउस भेज दिया गया है। दरअसल जिले में 97 खरीदी केंद्रों से यह खरीदी की गई है। इस बीच मंडियों में गेहूं की आवक कम हो गई है। बीते दिनों आवक 11 हजार बोरी के पार पहुंची थी। अब मंडी में बमुश्किल 7 हजार बोरी गेहूं पहुंच रहा है।

दरअसल फसल तैयार होने के बाद आखिरी दौर में हुई बारिश से गेहूं की क्वालिटी खराब हुई थी। सरकारी खरीदी में एफएक्यू के पैमाने के खिलाफ किसान संगठनों ने विरोध किया था। ऐसे में सरकार ने खरीदी में गुणवत्ता को लेकर छूट दे दी। नतीजा हुआ कि अब हल्का माल किसानों ने एमएसपी पर तुलवा दिया। कारोबारियों के अनुसार अब भी किसानों ने अच्छी गुणवत्ता वाला माल हाथ में रखा हुआ है। चमक वाले गेहूं का वे स्टाक कर रहे हैं। क्योंकि मंडी में चमकविहीन मिल क्वालिटी गेहूं के दाम एमएसपी के नीचे ही है। जबकि अच्छे गेहूं के दाम काफी ऊपर बने हुए है।

अनाज मंडी दलाल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल अगीवाल के अनुसार रोटी वाला गेहूं मंडी में ऊंचे दामों पर बिक रहा है। ऐसे में वार्षिक संग्रहण के लिए गेहूं खरीदने वाले उपभोक्ताओं को इस वर्ष महंगाई का सामना करना पड़ेगा। रोटी वाली गेहूं के दाम 3000 रुपये प्रति क्विंटल के ऊपर बने हुए हैं। ताजा स्थिति को देखने और सरकारी खरीदी बढ़ने के बाद अच्छा गेहूं उपभोक्ताओं को 3200 से 4000 रुपये क्विंटल के दामों पर खरीदना पड़ सकता है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी हाउसिंग बोर्ड को अपने अनुभव का लाभ दे : तिवारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चुनोतियां सभी क्षेत्र में होती है और चुनोतियों से कभी घबराना नहीं चाहिए। आम लोगों की जो अपेक्षाएं म.प्र हाउसिंग बोर्ड से है हमारा प्रयास है कि हम उन अपेक्षाओं पर खरे उतरे। यह बात मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष श्री अशुतोष तिवारी ने कही। वे बुधवार को इंदौर में मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बोल रहे थे।

श्री तिवारी ने कहा कि सेवा निवृत्ति के बाद अधिकारी कर्मचारी घर में ना बैठे। हाउसिंग बोर्ड एक परिवार है और इसकी बेहतरी तथा प्रदेश के विकास के लिए अपने दिर्घ अनुभव का लाभ बोर्ड को देते रहे। स् इस समारोह में इंदौर के अलावा धार, रतलाम, उज्जैन, खंडवा, भोपाल आदि जिलों से पेंशनर्श शरिक हुए थे। समारोह में अध्यक्ष तिवारी ने वयोवृध्द सेवा निवृत्त पूर्व अधिकारियों का शाल श्री फल देकर सम्मान किया।

**बीस साल से लंबित मांग का हुआ निराकरण**- समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव ने लंबित मांगो के निराकरण के लिए बोर्ड के अध्यक्ष तिवारी का आभार माना। पेंशनर्स एसोसिएशन पिछले बीस सालों से राज्य के समान महंगाइ भत्ते की मांग कर रहा था। श्री तिवारी ने अध्यक्ष बनने के बाद सबसे पहले इस मांग को पूरा किया। समारोह में इंद्रसेन सोलंकी, एनपी पगारे, राजाराम धर्माधिकारी, आरसी गुप्ता, डीके मकवाना, पीके स्वास्तिक, हिरालाल मिश्रा, दीपक पेरलेकर सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद थे। समारोह का संचालन अरूण शर्मा ने किया।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



DETECTIVE GROUP

*Detecting the truth*

## विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

## लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

# लहार नगर पालिका सीएमओ को हटाया

## अतिक्रमण हटाने पर हुआ था विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**आलमपुर। भिंड जिले के लहार में प्रशासनिक अमला जब अतिक्रमण हटाने गया तो स्थानीय व्यापारियों ने जमकर विरोध किया। उन्होंने बगैर नोटिस के लहार विधायक और नेता प्रतिपक्ष के दबाव में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया। इसके बाद व्यापारी बाजार बंद कर लहार थाने के सामने धरने पर बैठ गए हैं। उधर सीएमओ ने व्यापारी पर कार्रवाई के दौरान अपने साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। हालांकि शाम होते-होते सीएमओ को हटा दिया गया।**

जिले के आलमपुर के लहार नगर पालिका ने बुधवार सुबह मुख्य मार्ग पर स्थित मोहन झा के मकान का अगला हिस्सा तोड़ दिया था। इसके बाद विवाद की स्थिति बनी। मोहन झा का कहना है कि मकान पर न्यायालय से स्टे चल रहा है, इसके बावजूद प्रशासन ने हमारा मकान तोड़ दिया। ये पूरी कार्रवाई स्थानीय विधायक गोविंद सिंह के दबाव में की गई।

### स्थानीय व्यापारी का आरोप- सीएमओ पहले भी बना चुके दबाव

पीड़ित व्यापारी मोहन झा ने लहार नगर पालिका सीएमओ महेश पुरोहित पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे पहले भी कई बार दबाव बना चुके हैं। सीएमओ कहते हैं कि अगर मकान बचाना है तो विधायक जी की शरण में चले जाओ। आज मेरा मकान तोड़ दिया गया। इधर, सीएमओ पुरोहित का कहना है कि एसडीएम आरए प्रजापति से लिखित आदेश मिला था। इसके बाद एसडीओपी अवनीश बंसल, तहसीलदार अमित दुबे, थाना प्रभारी वरुण तिवारी सहित तमाम प्रशासनिक व पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

# नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ पेड न्यूज पर टली सुनवाई

## जजों की बेंच न बैठने के कारण नहीं हुई सुनवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार में मौजूदा गृहमंत्री और दतिया से विधायक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ पेड न्यूज मामले में सुप्रीम कोर्ट में अंतिम सुनवाई फिर टल गई है। जिन जजों की बेंच में इस केस की सुनवाई होनी थी उनके आज उपलब्ध न होने के चलते सुनवाई फिर टल गई है। अब एक दो दिन में सुनवाई की नई तारीख तय होगी। इससे पहले बीते बुधवार को इस मामले की सुनवाई होनी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट में दूसरे केसों की बहस लंबी चलने के कारण सुनवाई टाल दी गई थी और आज इस मामले में दोपहर भोजन अवकाश के पहले ही सुनवाई की संभावना है। इससे पहले 2 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई थी। इसके बाद अगली तारीख 12 अप्रैल की तारीख तय की गई थी।

### तीन साल तक चुनाव लड़ने के लिए ठहराया था अयोग्य

मामले में भारत निर्वाचन आयोग ने 23 जून 2017 को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 10अ के तहत 3 साल के लिए नरोत्तम मिश्रा को अयोग्य घोषित किया था। इस फैसले को लेकर डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में अपील की थी। इसके बाद शिकायतकर्ता राजेन्द्र भारती ने मप्र में राजनीतिक दबाव को आधार बनाते हुए सुप्रीम कोर्ट में इस मामले को उठाया था। जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने केस को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट से दिल्ली हाईकोर्ट में स्थानांतरित करा दिया था।

### दिल्ली हाईकोर्ट से भी मिला था नरोत्तम को झटका

इसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने 14 जुलाई 2017 को नरोत्तम मिश्रा की अपील को खारिज करते हुए निर्वाचन आयोग के आदेश को यथावत रखा था। बाद में नरोत्तम मिश्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील की थी। इसमें सिंगल बेंच और निर्वाचन आयोग के खिलाफ आदेश पारित किया गया। हाईकोर्ट की डबल बेंच के आदेश के बाद शिकायतकर्ता राजेन्द्र भारती और भारत निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में अलग-अलग अपील दायर की थी।

शिकायतकर्ता राजेन्द्र भारती ने तुरंत सुनवाई की अपील दायर की थी। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा 16 फरवरी 2023 को सभी पक्षों की सहमति से 2 मार्च को पेड न्यूज केस में सुनवाई की तारीख दी गई, लेकिन 2 मार्च को सुनवाई टलने के बाद 12 अप्रैल की तारीख तय की गई।

# खुदाई में मिले 136 साल पुराने 240 चांदी के सिक्के

## डर के मारे रातभर सो न सका, सुबह थाने पहुंच गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह। दमोह में घर के निर्माण के लिए खुदाई के दौरान एक लेबर को चांदी के ब्रिटिश कालीन 240 सिक्के मिले हैं। खुदाई करने वाला लेबर इन सिक्कों को लेकर पहले अपने घर पहुंचा, लेकिन उसे पकड़े जाने का डर सताने लगा। वह रात भर नहीं सो पाया, फिर बुधवार सुबह वह सिक्कों को लेकर कोतवाली थाने पहुंचा। यहां उसने थाना प्रभारी को सिक्के सौंप दिए।**

कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत ने बताया कि दमोह के बड़ापुरा क्षेत्र में रहने वाले हल्ले अहिरवार ने बुधवार को थाने में लाकर सिक्के सुपुर्द किए हैं। उसका कहना है कि मंगलवार को कालम के लिए गड्ढे खोदते समय उसे एक मटके में सिक्के मिले थे। पहले तो वह घर ले गया, लेकिन बाद में उसे कोतवाली में सुपुर्द कर दिए। पुलिस इस मामले में जगह का निरीक्षण करने के बाद नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

लेबर घर के कॉलम बनाने के लिए गड्ढे खोद रहा था। उस दौरान एक मटके में उसे ये सिक्के मिले। वह इसे लेकर पहले घर चला गया था। दूसरे दिन थाने जाकर जमा करा दिए।

### सिक्कों की कीमत का आकलन करा रही पुलिस

सिक्के पुलिस ने जब्त कर लिए हैं और उनकी कीमत की जानकारी का पता लगाया जा रहा है। सराफा व्यापारी राजेश सोनी का कहना है कि ब्रिटिश कालीन विक्टोरिया रानी वाले सिक्के बाजार में 800 प्रति सिक्के के हिसाब से बेचे जाते हैं। यदि खुदाई में मिले 240 सिक्कों की कीमत का आकलन किया जाए तो उनकी कीमत 1 लाख 92 हजार होगी।

# बादशाह के सनक एलबम से महाकाल के पुजारी नाराज

## ● गाने में भगवान शिवजी के साथ अश्लील शब्दों को जोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** फेमस सिंगर और रैपर बादशाह के हाल ही में रिलीज एक एलबम 'सनक' के एक गाने पर विवाद की स्थिति बन गई है। महाकाल मंदिर के पुजारी सहित कई भक्तों ने गाने में अश्लील शब्दों के साथ भोलेनाथ का नाम उपयोग करने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने गाने से भगवान का नाम हटाने और माफी मांगने को कहा है। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उन्होंने माफी नहीं मांगी तो उज्जैन सहित अन्य शहरों में बादशाह के खिलाफ एफआइआरकरवाई जाएगी। महाकाल मंदिर में वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी ने आरोप लगाया कि हिंदू सनातन में छूट का दुरुपयोग हो रहा है। साधु संत कथावाचक सभी ऐसी चीजों पर मौन हैं। फिल्म स्टार हो या गायक उन्हें भगवान के नाम पर अश्लीलता फैलाना का कोई अधिकार नहीं है। देशभर में एकसाथ उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। इस तरह तो हर कोई सनातन धर्म को गलत ढंग से पेश करता रहेगा, हम इसका विरोध करते हैं। महाकाल सेना और पुजारी महासंघ सहित हिंदू संगठन ने तत्काल इस गाने से भगवान भोलेनाथ का नाम हटाने को कहा है।

### क्या है विवादित हिस्सा

बादशाह का 2 मिनट 15 सेकंड का नया गाना जमकर ट्रेंड कर रहा है। गाने के 40 सेकंड बाद गाने के अंतरे में बोल है, कभी सेक्स तो कभी ज्ञान बांटता फिरूं... इसके बाद अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए गाने के बोल हिट पर हिट में मारता फिरूं... तीन-तीन रात में लगातार जागता, भोलेनाथ के साथ मेरी बनती है। इस गाने को सोशल मीडिया के यू-ट्यूब पर अब तक 18 मिलियन लोग देख चुके है। कई नामी हस्तियों ने इस गाने पर रील बनाई है। गाना काफी पसंद किया जा रहा है, लेकिन इस गाने से अब शिव भक्त नाराज हैं।

# प्रदेश में कोरोना के 67 नए केस

## सबसे ज्यादा 20 भोपाल में; एक्टिव केस 331 हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 67 नए केस मिले हैं। भोपाल में सबसे ज्यादा 20 पॉजिटिव मिले, जबकि इंदौर में 10 और जबलपुर-ग्वालियर में 8-8 केस मिले हैं। राजगढ़, सागर, सीहोर, रायसेन, खंडवा और हरदा में भी कोरोना के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में कोरोना के एक्टिव केस 331 हो गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, साल 2023 में पहली बार इतने पॉजिटिव केस मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को आंकड़ा 57 था। जबलपुर में कोरोना संक्रमित 73 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। हालांकि, मौत की वजह कार्डियक अरेस्ट है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके बेटे महाआर्यमन सिंधिया भी पॉजिटिव हो चुके हैं।

### ● बढ़ते केस ने चिंता बढ़ाई

प्रदेश में कोरोना के केस बढ़ने के साथ ही चिंता भी बढ़ गई है। ऐसे में लोगों को भी एहतियात बरतने की जरूरत है। मास्क को एक बार फिर चलन में लाना होगा। सर्दी-जुकाम या बुखार होने पर तुरंत डॉक्टर को दिखा लें। ताकि, बीमारी का सही समय पर पता चल सके।

### ● एक्टिव केस में भोपाल पहले नंबर पर

इधर, एक्टिव केस में भी भोपाल पहले नंबर पर है। भोपाल में 116, इंदौर में 66, जबलपुर में 44, राजगढ़ में 31, ग्वालियर में 22, सीहोर में 17, सागर में 9, रायसेन में 9, नर्मदापुरम में 5, टीकमगढ़ में 5, खंडवा में 4 और हरदा में 3 केस एक्टिव है।

### ● ठीक भी हुए मरीज

पिछले 24 घंटे में कुल 57 मरीज ठीक होकर लौटे हैं। भोपाल में 16, ग्वालियर में 14, इंदौर में 10 और जबलपुर में 4 मरीज ठीक हुए। इसी तरह राजगढ़ में 5, सागर में 2, सीहोर में 2, सतना, रायसेन, नर्मदापुरम, हरदा और दतिया में एक-एक मरीज ठीक होकर घरों को लौट गए।

### ● प्रदेश में दो मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर

मध्यप्रदेश में दो मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, आइसोलेशन बेड पर 4 मरीज है। भोपाल में 2 आइसोलेशन बेड और एक मरीज ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, इंदौर में एक-एक मरीज ऑक्सीजन पोर्ट और आइसोलेशन बेड पर है।

# भोपाल में मिली अमेरिका में पाई जाने वाली मछली

## जबड़ा मगरमच्छ जैसा, इंसानों तक पर कर देती है हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल के बड़े तालाब में फिशिंग के दौरान विचित्र मछली फंसी। करीब ढाई किलो वजनी और डेढ़ फीट लंबी इस मछली का मुंह मगरमच्छ के जबड़े जैसा है। बड़े तालाब में पहली बार इस तरह की मछली मिली है। देखने में हूबहू मगरमच्छ जैसी दिखने वाली ये मछली एलिगेटर गार है। इसे क्रोकोडाइल फिश भी कहते हैं। इस तरह की मछलियां उत्तरी अमेरिका में मीठे पानी में पाई जाती हैं। इनके आरी की तरह बड़े-बड़े दांत होते हैं। मांसाहारी होती हैं। उम्र 18 से 20 साल होती है। यह मछली करीब 10 फीट तक लंबी हो सकती है। खतरा महसूस होने पर यह मछली इनसानों तक पर हमला कर देती है। उत्तरी अमेरिका में इसके अटैक के केस सामने आते रहते हैं। एलिगेटर गार को लोग पालना भी पसंद करते हैं। केरल में तो इनका पालन भी होता है। 5 इंच के मछली के बच्चे की कीमत 1 हजार से 2 हजार रुपए तक होती है। भोपाल के खानूगांव इलाके में मंगलवार को कुछ युवक बड़े तालाब में मछली पकड़ रहे थे। अनस खान के फिशिंग रॉड के कांटे में एक मछली फंसी। जब उसे बाहर निकाला तो वह मगरमच्छ जैसी नजर आ रही थी। अनस ने बताया कि मछली को कई लोग देखने आ रहे हैं। इसे घर में ही रखा है। फिशिंग के दौरान ही मछली मर गई थी।

# तलवार से हाथ काटने वाले अभियुक्तों को 10 वर्ष कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में 8 वर्ष पूर्व एक युवक का तलवार से हाथ काटने के मामले में तीन अभियुक्तों को 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है । आरोपियों ने शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया था जिसमें युवक का हाथ का पंजा तलवार से कटकर अलग हो गया था । न्यायालय में 3 अभियुक्तों को दस दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। प्रकरण में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया था। जिसमें से 7 अभियुक्तों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त किया गया है।

## संपादकीय

### टकराव फिलहाल खत्म नहीं

हाल ही में दिल्ली सरकार ने दावा किया कि चूंकि उपराज्यपाल ने फाइल पर हस्ताक्षर करके नहीं भेजा, इसलिए उपभोक्ताओं को बिना सबसिडी वाली बिजली नहीं मिलेगी। एक तरह से दिल्ली सरकार की ऊर्जा मंत्री ने उपराज्यपाल पर यहां के छियालीस लाख परिवारों को मिलने वाली बिजली सबसिडी रोकने का आरोप लगाया। अब जिस तरह उपराज्यपाल ने एक पत्र के माध्यम से दिल्ली सरकार के आरोपों को झूठा बताते हुए उसके प्रमाण मांगे हैं और ऐसा न करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है, उससे यही लग रहा है कि इस मसले पर दोनों पक्षों के बीच टकराव फिलहाल खत्म नहीं हुआ है। सवाल है कि सरकार में होने के बावजूद आम आदमी पार्टी के नेता या मंत्री को क्या किसी नीतिगत फैसले की घोषणा, उसकी मंजूरी और उसे लागू करने की प्रक्रिया में लगने वाले समय के बारे में अंदाजा नहीं है! अगर सरकार को ऐसा लगा भी कि बिजली सबसिडी के फैसले पर उपराज्यपाल की मंजूरी में देरी होने के मामले में कोई प्रक्रियागत खामी है, तो क्या इसे सार्वजनिक रूप से राजनीतिक मुद्दा बनाने से पहले स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार नहीं कर लेना चाहिए था? किसी भी व्यवस्था में लोक-लुभावन सरकारी योजनाओं के साथ एक समस्या यह होती है कि उससे किसी पार्टी को आम लोगों का समर्थन तो मिलता है, मगर एक हद के बाद कोई योजना सरकारी कोष के लिए बोझ भी साबित होने लग सकती है। उसके बाद इस बात पर विचार होने लगता है कि नागरिकों को मुफ्त में दी जा रही किसी सेवा का दायरा क्या कुछ कम या सीमित किया जाए! ऐसे में सरकार की ओर से चलाई जा रही किसी योजना के लाभ या मुफ्त सेवा में कटौती होती है तो उसके लाभार्थियों के बीच असंतोष या नाराजगी पैदा होती है। सरकार के लिए यही दुविधा का वक्त होता है कि कोई सेवा मुफ्त मुहैया कराने के जिस भरोसे पर उसने लोगों का समर्थन और वोट हासिल किया था, उसे किस रूप में कायम रखे या बंद कर दे। कायदे से सही यह है कि सत्ता में आने के लिए किसी पार्टी या फिर सरकार को जनता से सिर्फ वही वादा करना चाहिए, जिसे बिना किसी बोझ के पूरा किया जा सके। अगर मुफ्त सेवा या सुविधा से राजस्व पर बोझ बढ़ता है और उसकी भरपाई जनता से किसी अन्य तरीके से की जाती है तो उसे किस तरह देखा जाएगा?

## धर्म-कर्म

# अक्षय तृतीया पर पूजा का शुभ मुहूर्त साढ़े चार घंटे

## धातु खरीदने का शुभ मुहूर्त 22 घंटे तक

वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का पावन पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष जिले भर में अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को मनाया जाएगा। जबकि सनातन पंचाग में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इस पर्व के दिन भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का विशेष पूजा करने का विधान है। इस वर्ष अक्षय तृतीया पर छह महायोग का निर्माण हो रहा है। जो इस तिथि को और सार्थक बना रहा है। पं. मार्केण्डेय दूबे के अनुसार इस वर्ष आयुष्मान योग, सौभाग्य योग, त्रिपुष्कर योग, रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग व अमृतसिद्धि योग बन रहे हैं।

उन्होंने बताया अक्षय तृतीया को सिर्फ योग ही नहीं बल्कि नक्षत्र भी प्रभावशाली बना रहे हैं। 22 अप्रैल शनिवार को कृतिका नक्षत्र पूरे दिन रहेगा । जबकि रोहिणी नक्षत्र रात्रि 11.24 बजे से अगले दिन तक प्रभावी रहेगा। अक्षय तृतीया के दिन पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 07 बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक है। अक्षय तृतीया पर पूजा का मुहूर्त साढ़े चार घंटे तक है। वहीं सोना खरीदने का शुभ मुहूर्त सुबह 07.49 मिनट से शुरू होकर दुसरे दिन सुबह 05.48 मिनट तक है। इस दिन सोना खरीदारी का मुहूर्त करीब 22 घंटे तक है।



इस तिथि को लोग सोना चांदी समेत अन्य धातु की खरीदारी के अलावे प्रोपर्टी की भी खरीददारी करते रहे हैं।

# घर में बांस का पौधा लगाने वाले होते हैं भाग्याशाली, लेकिन अपनाएं ये नियम, वरना भुगतेंगे बुरे परिणाम

क्या आपके घर में भी बांस का पौधा है। अगर हां, तो यह आपके लिए जरूरी खबर है। बता दें कि वास्तु शास्त्र और फेंग शुई दोनों में ही बांस के पौधे को काफी प्रमुखता दी गई है। दोनों ही शास्त्रों में कहा गया है कि बांस के पौधे को घर में लगाने से व्यक्ति भाग्याशाली होता है। ऐसे व्यक्ति का दुर्भाग्य भी सौभाग्य में बदल जाता है। हालांकि, इसके लिए आपको बांस के पौधे से जुड़े कुछ नियमों का भी ध्यान रखना जरूरी है। ऐसा नहीं करने पर अनर्थ भी हो सकता है।

1. ध्यान रखें, बांस के पौधे को गमेशा गमले में ही लगाएं। यदि इसे जमीन में लगा दिया गया तो यह बहुत बड़ा हो जाएगा। ऐसा होने पर यह शुभ की जगह अशुभ प्रभाव देने लगेगा।
2. घर में बांस का पौधा ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 फीट तक की ऊंचाई का ही होना चाहिए। अगर पौधा इससे अधिक बड़ा हुआ तो यह नेगेटिव इफेक्ट देने लगता है।
3. बांस के पौधे को कभी भी घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं लगाना चाहिए। इस दिशा में तुलसी, केला, बांस तथा अन्य शुभ पेड़-पौधे लगाने की मनाही है।
4. वास्तु शास्त्र के अनुसार उत्तर और पूर्व दिशा में बांस का पौधा लगाने से सबसे अच्छा परिणाम मिलता है। इसके अलावा, आप उत्तर-पश्चिम दिशा में भी इस पौधे को लगा सकते हैं।
5. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार घर में मौजूद बांस का पौधा कभी सूखना नहीं चाहिए। वरना यह घर में रहने वालों के लिए अशुभ परिणाम देता है।
6. जैसे ही बांस का पौधा सूखने लगे, उसपर तुरंत ध्यान देना चाहिए। अगर फिर भी यदि वह हरा-भरा न हो तो उसे हटा कर नया पौधा लगा देना चाहिए।
7. बांस के पौधे को किसी गंदे स्थान पर नहीं लगाना चाहिए। वरन इसे तुलसी और केले के पुष्प के साथ रखना चाहिए।
8. अगर आप चाहें तो इसे ड्राईंग रूम या बेडरूम में भी रख सकते हैं। ऐसा करने आपके घर और पारिवारिक रिश्तों में मधुरता लाएगा।



Highlights

1. Jaro Education & Michigan Ross partner to deliver global-level AGMP
2. India reports over 12,500 new COVID-19 cases as infections see 20% jump
3. Which are the 10 best companies to work for in India?
4. First hybrid solar eclipse in a decade witnessed in Australia, pic released
5. Ruckus erupts between 2 communities over cow slaughter claim in MP
6. What are Centre's new guidelines on checking stray dog populations?
7. Toddler enters White House grounds after squeezing through the fence; pic goes viral
8. Assam to give ₹15,000/month to 301 people jailed during Emergency

# Credit Suisse accused of obstructing probe into Nazi accounts investigation

**NEW DEIHI, (Agency).** Credit Suisse Group AG was accused by US lawmakers of impeding an investigation into its historical assistance to Nazis that had revealed a number of previously undisclosed accounts.

The latest internal Credit Suisse investigation was conducted by forensic research firm AlixPartners and overseen by Neil Barofsky,(HT Print)

The latest internal Credit Suisse investigation was conducted by forensic research firm AlixPartners and overseen by Neil Barofsky,(HT Print)

The allegations relate to an internal probe started after the Simon Wiesenthal Center informed the lender in 2020 that it had new information about Nazi-linked accounts. While Credit Suisse agreed to investigate, the bank established an unnecessarily rigid and narrow scope, refused to follow new leads and removed




the independent ombudsman overseeing it, according to a statement by the US Senate's Budget Committee.

"When it comes to investigating Nazi matters, righteous justice demands that we must leave no stone unturned," Senator Chuck Grassley said in the statement. "Credit Suisse has thus far failed to meet that standard."

The accusations add to the challenges facing the Swiss lender as it's being taken over by larger rival UBS Group AG, which last month agreed to buy Credit Suisse in a government-led rescue. While the $3 billion price tag marked a steep discount, the emergency deal hashed out over a weekend left little time for UBS to assess risks such as potential losses on assets, legacy issues and litigation.

# HP Chromebook 15.6 proves that a world beyond Windows, exists successfully

**NEW DEIHI, (Agency).** It is often very easy to forget, there resides an island of hope for computing devices, far from the hustle and bustle of Microsoft's Windows and Apple's macOS. For students and those who have very specific productivity requirements from their laptops in particular, the Google Chrome OS is a comparatively minimalistic (and you may argue, nicely refined too) operating system that gets the job done without much of a learning curve. It is largely reliant on good (or at least consistent internet connectivity) to get the most out of it though.

Does it tick the boxes for you? It just might, with HP's latest Chromebook 15.6, which is perhaps the best showcase for this OS, at this time. The



newest Chromebook series, in a way, makes clear the PC maker's intention of building this alternative for buyers. It is fairly well spec-ed too, and a price tag of ₹28,999 puts this just lower than most entry-spec Windows laptops too.

Alternatively, this OS on moderate specs, has the potential to perform better than Windows can, or does.

The HP Chromebook 15.6 is quite well built, though it is all plastic through and through. If it wasn't for the Chromebook logo on the lid, this would look like just about any other HP Pavilion notebook, from the Windows line. Enough ports on either side too – a full-size USB, two USB-C, 3.5mm headphone jack and a microSD card reader.

The power adapter will take up one USB-C port, mind you. What you get as a result of that sacrifice, is fast charge. You should look for the gorgeous Forest Teal colour option, amidst the sea of black and greys.

This, on paper, isn't the most powerful laptop. The beating heart is the Intel Celeron N4500 chip. Not the newest (it's been around since 2021) and neither is it the most endowed (dual core processor). Yet for Chrome OS, this gets the job done with considerable comfort. It certainly helps to have 4GB RAM to keep things moving along.

Uttarakhand

# पहाड़ों पर बर्फबारी से फिर लौटी ठंड

**उत्तराखंड, (एजेंसी)** मौसम ने करवट ली और एक बार फिर लोगों को ठंड का अहसास कराया। यहीं नहीं बर्फबारी से एक बार फिर उत्तराखंड में बदरीनाथ- केदारनाथ -गंगोत्री सहित उच्च हिमालय क्षेत्रों की पहाड़ियां चांदी सी चमकने लगी हैं। बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में रातभर बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश लगातार जारी है।

उत्तराखंड में बुधवार को मौसम ने करवट बदली। आज बृहस्पतिवार को भी मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं चलीं। मौसम में परिवर्तन होने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली। गंगोत्री धाम की पहाड़ियों और गौमुख के आस-पास के क्षेत्रों में बर्फबारी हुई। वहीं, निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश हुई। यमुना घाटी में भी हल्की बारिश हुई। वहीं, देर शाम मसूरी और देहरादून में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के जिलों में



कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने, हल्की बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से पिथौरागढ़, बागेश्वर, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिले में कहीं-कहीं तेज बौछार के साथ भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

जबकि संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन और चट्टान गिरने के अलावा कुछ जगहों पर अवशेष जमा होने के चलते सड़क अवरोध होने की संभावना भी जताई है।

Jharkhand

## मेले में चाट-गुपचुप खाकर बिगड़ी 150 की तबीयत, 2 दर्जन लोगों की हालत गंभीर

**धनबाद, (एजेंसी)** बलियापुर के हुचुकटांड़ में भोक्ता मेले में चाट और गुपचुप खाने से 150 लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए। घटना बुधवार की शाम है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करीब 100 लोग भर्ती कराए गए हैं। वहीं 50 लोगों का इलाज अलग-अलग निजी अस्पतालों में चल रहा है। 2 दर्जन से अधिक लोगों की स्थिति गंभीर है, जिनमें काफी बच्चे हैं। फूड प्वाइजनिंग के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। ज्यादातर लोगों ने मेले में चाट और गुपचुप खाए थे। बताया गया कि बलियापुर के कर्माटांड़ पंचायत के हुचुकटांड़ में भोक्ता मेले (चड़क पूजा) का आयोजन किया गया। कर्माटांड़ पंचायत के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में लोग मेला देखने गए। शाम होते-होते मेले से घर लौटे लोग बीमार पड़ने लगे। लोगों को कय, दस्त, पेट में दर्द आदि की समस्या हो रही थी। मर्ज बढ़ने पर लोग अस्पताल पहुंचने लगे। बढ़ते-बढ़ते इनकी तादाद सिर्फ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 100 से अधिक हो गई है। इसके अलावा बलियापुर और धनबाद के निजी अस्पतालों में मरीज भर्ती कराए गए हैं। फूड प्वाइजनिंग के शिकार लोगों में ज्यादातर बच्चे हैं।



Bihar

## बिहार में अपराधियों का दुस्साहस, भरी पंचायत में पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या

**पटना, (एजेंसी)** बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पटना जिले के पुनपुन में बुधवार को केवड़ा पंचायत के 52 वर्षीय पूर्व मुखिया नरेश सिंह को हथियार बंद अपराधियों ने दलान पर पंचायती करने के दौरान ही गोली मारकर हत्या कर दी। यह फायरिंग जमीन विवाद के मामले को सुलझाने के दौरान हुई। बदमाश पूर्व मुखिया की हत्या करने के बाद सरेआम 6 राउंड फायरिंग करके मौके से फरार हो गए। इससे पंचायत में दहशत का माहौल पैदा हो गया। हत्या का आरोप गांव के ही रहने वाले पंकज सिंह नाम के शख्स और उसके साथियों पर लगा है। वारदात बुधवार सुबह की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेजा, इसके बाद परिजन को सौंप दिया गया। परिजन देर शाम पूर्व मुखिया का शव केवड़ा गांव लाए। गांव में शव आते ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ एक झलक मुखिया के शव को देखना चाहती थी। इस वारदात में पूर्व मुखिया के करीबी 55 वर्षीय मदन सिंह को भी एक गोली लगी है, जिसका गंभीर स्थिति में पटना एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। हत्या की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मसौढ़ी एएसपी शुभम आर्य केवड़ा गांव पहुंचे।

New Delhi

# दिल्ली में डरा रहा कोरोना; 24 घंटे में 6 मौतें और 1757 केस, जानें NCR के बाकी इलाकों का हाल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में कोरोना के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के 1,757 नए मामले सामने आए हैं जबकि छह संक्रमितों की मौत हो गई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण दर बढ़कर 28.63 फीसद पर पहुंच गई है। दिल्ली में कोरोना संक्रमण के कारण छह लोगों की मौत के बाद महामारी से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 26,578 हो गया है। दिल्ली में एक दिन पहले यानी मंगलवार को कोरोना



के 1,537 नये मामले सामने आए थे, जबकि संक्रमण दर 26.54 फीसदी दर्ज की गई थी।

दिल्ली के कारागार विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए एहतियात के तौर पर जेलों में कैदियों को निर्देश जारी किया है। कैदियों से कहा गया है कि वे एक जगह पर जमा ना हों। बंदियों से नियमित रूप से हाथ धोने को भी कहा गया है। मौजूदा वक्त में तिहाड़ जेल में कोरोना के पांच उपचाराधीन मरीज हैं। जलों में बुखार या जुकाम जैसे लक्षण पाए जाने पर तुरंत एंटीजन जांच कराई जा रही है। कैदियों को कोविड पीड़ित पाए जाने पर उन्हें जेल संख्या-3 में ले जाया जाता है। तिहाड़ जेल में करीब 10 दिन पहले कोरोना के पांच मामले सामने आए थे। दिल्ली के आसपास के शहरों में भी कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

खेल

# लखनऊने आईपीएल में टोटल डिफेंड करते हुए नौवां मैच जीता, राजस्थान को 10 रन से हराया

**जयपुर। आईपीएल 2023 के 26वें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने कम स्कोर के बावजूद राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 154 रन बनाए थे। काइल मेयर्स ने 42 गेंदों में 51 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा कप्तान केएल राहुल ने 39 रन बनाए थे।**

जवाब में एक वक्त राजस्थान की टीम ने एक विकेट गंवाकर 87 रन बना लिए थे। हालांकि, इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे और टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 144 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। वहीं, जोस बटलर ने 40 रन की पारी खेली। लखनऊ आईपीएल में अब तक 11 बार टोटल डिफेंड करने उतरी है। नौ बार टीम ने जीत हासिल की है, जबकि सिर्फ दो मैच में टीम हारी है। जयपुर में पिछले सात मैचों में बाद में बैटिंग करने वाली टीम छह मैच जीती है। लखनऊ ने पहली बार पहले बैटिंग करते हुए मैच जीता।

आवेश खान ने आखिरी ओवर में दो विकेट झटके। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर देवदत्त पडिक्कल और चौथी गेंद पर ध्रुव जुरेल का विकेट लिया। इससे पहले उन्होंने शिमरोन



हेटमायर का विकेट भी लिया था। आवेश ने कुल मिलाकर तीन विकेट झटके। हालांकि, प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मार्कस स्टोइनिस को दिया गया। उन्होंने दो विकेट लिए और 21 रन बनाए थे।

### लखनऊ की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केएल राहुल और काइल मेयर्स ने लखनऊ को धीमी शुरुआत दिलाई। सात ओवर में दोनों ने 43 रन जोड़ थे। इसके बाद दोनों ने गियर बदला और अगले दो ओवर में 31 रन बनाए। हालांकि, इसी रन रेट को बढ़ाने के चक्कर में कप्तान राहुल 11वें ओवर में जेसन होल्डर की गेंद पर जोस बटलर को कैच थमा बैठे। राहुल ने 32 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन की पारी खेली। वहीं, आयुष बदोनी एक रन और बर्थडे बॉय दीपक हुड्डा दो रन बनाकर आउट हुए।

काइल मेयर्स ने आईपीएल 2023 में अपना तीसरा अर्धशतक लगाया। हालांकि, अर्धशतक लगाने के तुरंत बाद वह आउट हो गए। 14वें ओवर में अश्विन ने दीपक हुड्डा और मेयर्स दोनों को आउट किया। मेयर्स को अश्विन ने क्लीन बोल्ड किया। वह 42 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। मार्कस स्टोइनिस 16 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## 'सलमान से दूर रह वरना तुझे...', लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राखी सावंत को दी धमकी, लिखा- तेरे भाई को कोई नहीं बचा सकता



बॉलीवुड के दबंग एक्टर सलमान खान एंटरटेनमेंट क्वीन राखी सावंत के साथ खास बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों का रिश्ता जगजाहिर है। राखी सलमान को अपना भाई मानती है। वहीं, सलमान भी भाई होने का पूरा फर्ज निभाते हैं और हर मुश्किल समय में राखी की मदद के लिए खड़े रहते हैं। शायद यही वजह है कि राखी और सलमान के रिश्ते अब गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग को खटकने लगे हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सलमान खान के बाद अब राखी सावंत को धमकी दे डाली है।

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने राखी सावंत को धमकी भरे ईमेल भेजे हैं, जिसमें एक्ट्रेस को सलमान खान से दूर रहने की चेतावनी दी है। बिश्नोई के गैंग ने ईमेल में ये भी दावा किया है कि वे मुंबई में कड़ी सुरक्षा होने के बावजूद सुपरस्टार सलमान खान को जान से मार देंगे।

राखी ने अब ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में धमकी भरे ईमेल के बारे में जानकारी दी है। राखी ने बताया- वो (लॉरेंस बिश्नोई गैंग) कह रहे हैं कि अगर तुमने सलमान खान के बारे में बात की तो हम तुम्हें मार देंगे। लेकिन मैं सलमान खान के बारे में बात करूंगी, क्योंकि जब मेरी मां बीमार थी,



● इंदौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज अधिकारियों के साथ निगम के कचरा प्लांट सहित अन्य स्थानों का दौरा किया।

# दो युवकों लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर और पलासिया थाना क्षेत्र में दो युवकों ने अपने घरों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि एक युवक जहां पत्नी के द्वारा केस लगाए जाने और उसके चले जाने से तनाव में था तो वहीं दूसरा युवक एक्सीडेंट में चेहरा बिगड़ जाने के चलते तनाव में रहता था। दोनों ही मामलों में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।**

पहली घटना में आजाद नगर पुलिस के मुताबिक दिनेश (39) पिता मांगीलाल नागर निवासी शिव नगर ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। दिनेश को रात में भाई लखन ने फंदे पर लटके देखा था। रिश्तेदारों ने बताया कि दिनेश पर उसकी पत्नी ने दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा को लेकर कोर्ट केस किया था। बुधवार को उसकी उज्जैन कोर्ट में सुनवाई थी। बुधवार शाम को वहां से लौटने के बाद उसने फांसी लगा ली। रिश्तेदारों ने बताया कि दिनेश की शादी को करीब 17 साल हो गए हैं। पत्नी मनीषा ग्रेजुएट थी, जबकि दिनेश 12वीं तक ही पढ़ा था। दोनों के बच्चे होने के बाद पत्नी ने जॉब करने की इच्छा जाहिर की। इसके लिए मनीषा ने नर्सिंग की पढ़ाई भी। दिनेश ने पत्नी की पढ़ाई के दौरान पूरा खर्च उठाया। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह इंदौर के निजी अस्पताल में जॉब करने लगी। इसके बाद दोनों में विवाद शुरू हो गए। रिश्तेदारों ने कहा कि मनीषा नहीं चाहती थी कि दिनेश ड्राइवर रहे। लेकिन दिनेश इसके अलावा कुछ और नहीं करना चाहता था। विवाद के चलते मनीषा अपने बच्चों के साथ पालदा इलाके में रहने चली गई। दिनेश ने इसके बाद पत्नी मनीषा पर वापस साथ रहने का दबाव बनाया। लेकिन मनीषा वापस आने को तैयार नहीं थी। कुछ समय बाद मनीषा ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा का केस लगा दिया। परिवार ने आरोप लगाया कि दिनेश जब उज्जैन जाता तो उसे मनीषा और उसके पिता पप्पू राठौर धमकी देते थे। जिसके कारण वह काफी तनाव में रहने लगा। बुधवार को भी वह इसी केस में उज्जैन गया था। वहां से लौटने के बाद दिनेश ने फांसी लगा ली।

दूसरी घटना में पलासिया पुलिस ने बताया कि मृतक दिनेश (32) पिता रमेश डाकसे निवासी विनोबा नगर है। दिनेश की 9 साल की बेटी ने उसे सबसे पहले फांसी के फंदे पर लटके हुए देखा था। बुधवार को दिनेश काम पर नहीं गया था। उसने पत्नी रेणु से कहा था कि वह घर की सफाई कर देगा। लेकिन सुबह जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो बेटी ने बाहर से काफी देर तक आवाज लगाई। जब पिता दिनेश ने कोई जवाब नहीं दिया तो बेटी ने कूलर पर चढ़कर अंदर देखा। अंदर उसके पिता फंदे पर लटके हुए थे। उसने यह बात तत्काल मां और परिवार के लोगों को बताई। कुछ ही देर में पड़ोसी भी वहां पहुंचे। सभी ने मिलकर दरवाजा तोड़ा और दिनेश को फंदे से नीचे उतारा। दिनेश को तत्काल अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार और रिश्तेदारों ने बताया कि दिनेश घरों पर कलर के ठेके लेता था। वह काफी मिलनसार और खुश रहने वाला व्यक्ति था। करीब आठ माह पहले एक साइट पर काम करने के दौरान उसके चेहरे पर लकड़ी की भारी शीट गिर गई थी। इससे उसके चेहरे ओर सिर पर गंभीर चोट आई थी। दिनेश अक्सर शीशे में अपना चेहरा देखकर रोता रहता था। वहीं काफी बातें भूल जाता था। वह कई बार अपनी बेटी और पत्नी से कहता था कि उसका चेहरा बिगड़ गया। परिवार के मुताबिक संभवतः इसी कारण से उसने इस तरह का कदम उठाया है। पुलिस के मुताबिक उसके पास से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# मंगलसूत्र और चेन ले भागे बदमाश

**●दो स्थानों पर बदमाशों ने की वारदात**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक बार फिर बर्तन चमकाने के बहाने लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। बदमाशों ने एक ही दिन में दो अलग-अलग जगहों पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। लसूड़िया थाना क्षेत्र में आरोपी महिला का मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए तो वहीं तिलक नगर में एक महिला की चेन लेकर भाग निकले। दोनों ही मामलों की शिकायत थाने में दर्ज करवा दी गई है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।**

घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है। जब लसूड़िया थाना क्षेत्र में रहने वाली उषा बाई गंगराड़े निवासी स्कीम नंबर 136 अपने घर के बाहर नगर निगम की गाड़ी में कचरा डालने बाहर आई थी। तभी दो अज्ञात व्यक्ति घर के बाहर पहुंचे और महिला से बर्तन चमकाने और आभूषण चमकाने का पाउडर देने की बात करने लगे। महिला ने दोनों आरोपियों से कहा कि घर पर कोई नहीं है बाद में आना। जिसके बाद आरोपियों ने महिला को धक्का दिया और उसके गले का मंगलसूत्र छीनकर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। शहर में ऐसा यह तीसरा मामला है। वहीं महिला ने थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

## सोने की चेन लेकर भागे आरोपी

वहीं बुधवार दोपहर में तिलक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति के घर भी दो आरोपियों द्वारा इसी तरह से सोने और चांदी के आभूषण चमकाने की बात पर लूट की गई। तिलक नगर में रहने वाली युवती ने पुलिस को बताया कि, वह अपने मामा के यहां डॉक्टर दीपानविता गुप्ता निवासी 41 तिलक नगर एक्सटेंशन आई थी। तभी दो आरोपी नीली शर्ट पहने हुए आए और पायल चमकाने का कहकर पायल ले ली। थोड़ी देर बाद आरोपियों ने कहा कि, कोई सोने के आभूषण हैं तो वह भी ले आएं, वह भी बिल्कुल नए जैसे हो जाएंगे। युवती ने जैसे ही उसे सोने की चेन दी, तो दोनों आरोपी चेन लेकर फरार हो गए। जिसके बाद फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। यह शहर में चौथी घटना है जब बर्तन बस आभूषण चमकाने के नाम पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है।

## पहले दो घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम

कुछ समय से बर्तन व गहने चमकाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी खुलेआम शहर में घूम रहे हैं। पहले जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में 85 ग्राम सोने पर आरोपियों ने हाथ साफ किया था। जिसके बाद अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में भी लगभग 25 ग्राम सोने के आभूषण पर हाथ साफ करके आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस कमिश्नर द्वारा दो आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज जारी करते हुए एडवाइजरी जारी की गई थी और शहर वासियों से अपील की थी कि, दोनों ही संदिग्ध की जानकारी तुरंत नजदीक पुलिस थाने में दे।

# युवक से लाखों की धोखाधड़ी

**इंदौर।** एक युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में तिलक नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी राहुल कुमार निवासी तिलक नगर की रिपोर्ट पर आरोपी श्यामलाल धीमान निवासी संविद नगर और कलावती धीमान के खिलाफ धारा 420 और 406 का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने 15 जुलाई 20 22 को राहुल कुमार से छल पूर्वक 13 लाख 50 हजार रुपए लेकर ना तो मकान की रजिस्ट्री करवाई और ना ही पैसे लौटाए।

# महिला की मौत में पति और ससुराल वाले फंसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक महिला की खुदकुशी के मामले में पुलिस ने जांच के बाद उसके पति और ससुराल वालों पर केस दर्ज किया है। जांच में पता चला कि प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने खुदकुशी कर ली थी।

पुलिस के अनुसार मृतका का नाम ममता पति जगदीश चौहान (25 ) निवासी नंदबाग कॉलोनी है पुलिस के मुताबिक वह मूल रूप से उज्जैन के ग्राम हिना गोरिया की रहने वाली है उसकी शादी 1 साल पहले नंदबाग कॉलोनी में रहने वाले नवीन चौहान से हुई थी। पुलिस ने बताया कि ममता के माता पिता और अन्य लोगों के कथन लिए गए तो पता चला कि उसे पति नवीन सास रामकन्या ससुर रामचंद्र और देवर अंकित मकान की किस्त भरने के लिए उसे मायके से पैसे मंगाने के लिए प्रताड़ित करते थे इसी से परेशान होकर उसने 30 दिसंबर 2022 को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस बाणगंगा ने सभी के खिलाफ दहेज हत्या की धारा 304 बी का प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी सुनीता निवासी महावर नगर की रिपोर्ट पर पति दीपक कोहली सास हेमलता कोहली ससुर मदनलाल कोहली आदि के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी सुनीता ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से दो लाख रुपए लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

# महिला और किशोरी से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में रहने वाली 24 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पर आरोपी मनवीर उर्फ गोलू के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने रास्ते में रोककर उसके साथ छेड़छाड़ की थी । वही कमला नेहरू कॉलोनी में रहने वाली किशोरी ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर वह किराने का सामान लेने जा रही थी तभी रास्ते में क्षेत्र में रहने वाला योगेश यादव ने रोका और कहा कि मैं तुझे बहुत चाहता हूं और शादी करना चाहता हूं उसने विरोध किया तो मारपीट की और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।